# NSCBM Govt. PG College
# Anu, Hamirpur

## NSS 7 Days Special Camp
## 31/12/22-06/01/23

# 7 Days Report

Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner

## Schedule for NSS Special seven days Camp (2022-23)

| Date | 8-9:30am | 9:30-10am | 10-1pm (Work in the field) | 1-2pm | 2-3:30pm (Invited Lecture) | 3:30 - 4pm | 4-6pm | 6-8pm | 8-9pm |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31/12/2022 | Morning Assembly (Gaytri mantra, Prayer, NSS song, Report of last day, Thought of the day with discussion, Yoga/Meditation, Distribution of work by Programme officer to different groups) | Breakfast | Inauguration of Camp by Chief Guest Principal, GC Hamirpur | Lunch | Formation of groups, group leaders and committees for smooth functioning of Camp and distribution of tools | Tea | Games | Cultural Program | Dinner |
| 01/01/2023 | | | Maintenance of Vatika, eradication of pest and cannabis | | Invited lecture on 1. Yoga and Meditation by Bramkumari, Mount Abu and 2. Carrier Guidance by Dr. RC Sharma | | | | |
| 02/01/2023 | | | White wash of trees and flower beds boundaries, eradication of plastic | | Invited lecture on Importance of NSS in life and Society by Dr. Satish Soni and Ms Alpna Sharma | | | | |
| 03/01/2023 | | | Awareness and distribution of masks in adopted village, Anu Kalan | | Invited lecture on 1. Road Safety and Traffic Rules by Sudershan, Police Department 2. Health and Hygiene by Dr. Mani Verma | | | | |
| 04/01/2023 | | | Awareness through Rally and Cleanliness in adopted village, Anu Kalan | | Invited lecture on Personality Development by Engineer Sanjeev Vats | | | | |
| 05/01/2023 | | | Labeling of some sights and Maintenance of Vatika | | Invited lecture on POSCO Act and Juvenile Justice Act by Ms Rekha Sharma, Chairperson of District Child Welfare Committee, Hamirpur | | | | |
| 06/01/2023 | | | Labeling of some sights | | Valedictory function and Special talk on 1. Moral Values by Anil Kumar and 2. Say No to Drugs by Mr Parkash Thakur | | | | |

Scanned by TapScanner

31/12/22

## रिपोर्ट

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ 31 दिसंबर 2022 को हुआ। शिविर में लगभग 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी स्वयंसेवी प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय पहुंच गए ।एन एस एस प्रभारी डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा दीपिका खन्ना भी वहां पर उपस्थित थे। सभी स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज ने एन एस एस शिविर का उद्घाटन किया।उसके बाद 9:30 बजे प्रार्थना सभा शुरू हुई ।समूह 7 द्वारा प्रार्थना आशुतम केशवम गायी गई व गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-

"If you want to be strong, Learn how to fight alone"

फिर योगा अभ्यास किया गया।प्रार्थना सभा में ही स्वयंसेवियों को उनके कार्यक्षेत्रों का आबंटन कर दिया गया । सभी स्वयंसेवियों ने 10 बजे से 1 बजे तक कार्य किया ।समूह 1 के स्वयंसेवियों ने रसोई के कार्यों में हाथ बंटाया।समूह 2 को पुस्तकालय के पीछे वाला क्षेत्र,समूह 3 को पुस्तकालय के बांई तरफ वाला,समूह 4 को पुस्तकालय के दांई तरफ वाला,समूह 5 को पीटीए ब्लॉक,समूह 6 को वाटिका,समूह 7 को कमर्स ब्लॉक वाला क्षेत्र दिया गया। सभी स्वयंसेवियों ने अपने अपने आवंटित क्षेत्रों में श्रमदान दिया। साथ में रसोई का कार्य चल रहा था। रसोई में चने की दाल, मीठा खट्टा तथा चावल आदि व्यंजन बनाए गए। सभी स्वयंसेवी 1:30 बजे अपने-2 कार्यक्षेत्रों से वापिस आ गए। स्वयंसेवियों नें 2:00 बजे भोजन ग्रहण किया। उसके बाद प्राचार्य डॉ॰ चंदन भारद्वाज ने कार्यक्रम में स्वयंसेवियों के साथ विशेष बातचीत की तथा उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस से जुड़ने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने

स्वयंसेवियों को बताया कि बताया कि एनएसएस से जुड़ने से समाज सेवा की भावना जागृत होती है। उन्होंने स्वयंसेवियों को मोबाइल से दूर रहने को कहा उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को नशे की लत से दूर रहने को कहा । उसके बाद एनएसएस प्रभारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने मुख्यअतिथि का धन्यवाद किया।इस अवसर पर एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया।उसके बाद चायपान हुआ।शाम 4:00बजे से 6:00 तक स्वयंसेवियों ने श्रम कार्य किया।6:00से 7:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। 7:00 से 8:00 तक स्वयंसेवी भोजन ग्रहण किया। उसके बाद 9:00 बजे सभी स्वयंसेवी अपने अपने शयन कक्षों में चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के पहले दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
*Scanned by TapScanner*







Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner












Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner



Scanned by TapScanner

*Scanned by TapScanner*

# रिपोर्ट: द्वितीय दिन

सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन 1जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई। समूह -1 द्वारा सुबह सवेरे प्रार्थना गायी गई।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-

If you shine like a sun, Then burn like a sun.

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।भोजन में हलवा ,पूरी बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए। मुख्यअतिथि ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से आई दीदीयां तथा भाई थे।उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि हम ज्ञान और योग के माध्यम से अपने मन को एकाग्र कर सकते हैं जोकि पढ़ाई में बहुत सहायक होगा तथा इससे हम तनाव की स्थिति से भी उभर सकते हैं।उन्होंने बताया कि योग से धैर्य तथा सहनशीलता की भावना भी जागृत होती है। हमारे दूसरे विशेष अतिथि डाॅ रत्न चंद शर्मा थे।उन्होंने स्वयंसेवियों को कैरियर काउंसलिंग के बारे में जानकारी दी।एनएसएस प्रभारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया।उसके बाद स्वयंसेवी अपने-2आवंटित क्षेत्रों में श्रमदान में लग गए।रसोई में समूह 2 ने अपना सहयोग दिया।रसोई में राजमाह, कड़ी,चावल आदि व्यंजन बनाए गए। सभी स्वयंसेवी 2:00 बजे अपने -अपने कार्य क्षेत्रों से वापिस आ गए। फिर सभी स्वयंसेवियों नें दोपहर का भोजन ग्रहण किया तथा दोबारा अपने आवंटित क्षेत्रों में श्रम कार्य में लग गए।5:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने चायपान किया।उसके बाद शाम 6:00से 7:00बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।रात्रि भोजन में आलू ,मटर और चपाती बनाए गए थे। 8:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया तथा 9:00 बजे सभी स्वयंसेवी अपने -अपने शयन कक्षों में चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner







Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner



Scanned by TapScanner
*Scanned by TapScanner*

# रिपोर्ट: तीसरा दिन

सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन 2जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई। समूह -2 द्वारा 'तू ही राम है'प्रार्थना गायी गई।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-

"Change will not come if we wait for some other person or some other time. We are the ones we have been waiting for. We are the change that we seek."

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।भोजन में आलू के परांठे बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए।डाॅ सतीश कुमार सोनी तथा डॉक्टर अल्पना शर्मा विशेष अतिथि थे।उन्होंने एनएसएस की महत्ता, इतिहास तथा समाज में इसके योगदान के बारे में बताया।उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि एनएसएस से जुड़ने से हमारा चहुंमुखी विकास होता है तथा शिविर में जब स्वयंसेवी एक साथ रहते हैं तो उनमें आत्मविश्वास,सहनशीलता तथा अनुशासन की भावना जागृत होती है जो उन्हें अन्य विद्यार्थियों से अलग बनाती है। एनएसएस प्रभारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया।उसके बाद स्वयंसेवी अपने-2आवंटित क्षेत्रों में श्रमदान में लग गए।समूह 3 रसोई मेंअपना सहयोग दिया।रसोई में माह की दाल,कड़ी,चावल व मीठा आदि व्यंजन बनाए गए। सभी स्वयंसेवी 2:00बजे अपने -अपने कार्य क्षेत्रों से वापस आ गए। 2:00 बजे स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। उसके बाद सभी स्वयंसेवी दोबारा अपने आवंटित क्षेत्रों में श्रम कार्य में लग गए। समूह 1 ने पुस्तकालय मैदान की सफाई की ,समूह 2 ने पुस्तकालय के पिछले क्षेत्र की मिट्टी को समतल किया ,समूह 3 ने पीटीए ब्लॉक के पिछले वाले क्षेत्र, समूह 4ने बी बाॅक क्षेत्र की मिट्टी उठाई व क्यारियां बनाईं,समूह 5ने बी बाॅक क्षेत्र,समूह 6 ने पुस्तकालय के बांई तरफ, समूह 7 ने पीटीए ब्लॉक के आगे वाले क्षेत्र की व स्वतंत्र समूह ने कमर्स ब्लॉक वाले क्षेत्र की क्यारियों की सफाई की। रंग वाली कमेटी ने क्यारियों में ईंटें व पत्थर लगाकर उनमें रंग किया।उसके बाद उपकरण कमेटी ने उपकरणों को कार्य के बाद एकत्र किया।5:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने चायपान किया।उसके बाद शाम 6:00से 7:00बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।रात्रि भोजन में आलू ,गोभी और चपाती बनाए गए थे।8:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।फिर 9:00बजे स्वयंसेवी अपने -अपने शयन कक्षों में चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के तीसरे दिन का समापन हुआ।


Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner






Scanned by TapScanner

*Scanned by TapScanner*















Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner







Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner

# रिपोर्ट: चौथा दिन

सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन 3जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई। समूह 3 द्वारा हे शारदे मां प्रार्थना गायी गई।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-

"We must possess our character like a salt, its presence is not felt but its absence makes every dish tasteless."

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।भोजन में आलू और पूरी बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए।इस शिविर के मुख्यअतिथि एसएचओ सुदर्शन पटियाल तथा डॉक्टर मनी वर्मा थे। एसएचओ सुदर्शन पटियाल ने यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नशे के बारे में भी बताया तथा युवा पीढ़ी को इससे दूर रहने की सलाह दी।हमारे दूसरे विशेष अतिथि डाॅ मनी वर्मा ने व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषक तत्वों के स्रोतों तथा उनके महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने स्वयंसेवियों को संतुलित आहार लेने को कहा जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने छात्राओं के साथ भी एक विशेष इन्ट्रैकशन की जिससे छात्राओं ने उनसे PCOD संबंधी काफी जानकारी प्राप्त की।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। भोजन में मटर पनीर,खट्टा, मीठा तथा चावल आदि व्यंजन बनाए गए। समूह 4 के स्वयंसेवियों ने रसोई में अपना सहयोग दिया। उसके बाद 1:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया तथा अपने-2आवंटित क्षेत्रों में श्रमदान में लग गए। समूह 1 ने कॉमर्स ब्लॉक के पास की क्यारियां की सफाई की तथा ईंटों मे रंग करके उन्हें सजाया।समूह 2 ने पुस्तकालय के पिछले क्षेत्र को समतल किया।समूह3 ने साइंस ब्लॉक के बायीं तरफ वाले क्षेत्र, पार्किंग स्थल की,समूह4 ने बी बाॅक क्षेत्र की मिट्टी को उठाकर समतल किया,समूह5 ने बीबाॅकक्षेत्र, समूह6ने इग्नू विभाग,समूह7 ने साइंस ब्लॉक के दांई तरफ वाला स्वतंत्र समूह ने कैन्टीन के पास वाले क्षेत्र की सफाई की। उपकरण कमेेटी ने कार्य के बाद उपकरण एकत्र किए।शाम 5:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने चायपान किया।उसके बाद शाम 6:00से 7:00बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।रात्रि भोजन में आलू ,गाजर और चपाती बनाए गए थे। 8:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया तथा 9:00 बजे सभी स्वयंसेवी अपने -अपने शयन कक्षों में चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के चौथे दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
*Scanned by TapScanner*
















Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner










Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner

# रिपोर्ट: पांचवा दिन

सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन 4जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई। समूह -4 द्वारा ए मालिक तेरे वंदे हम प्रार्थना गायी गई।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-

"A man is the product of his thoughts, What he think he become."

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।भोजन में आलू,गोभी व चपाती बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए।इस शिविर के मुख्यअतिथि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से आई दीदीयां थीं।उन्होंने स्वयंसेवियों को योग अपनाने और नशे से दूर रहने पर बल दिया।उन्होंने स्वयं से प्यार करने तथा माता -पिता का सम्मान करने को कहा।हमारे बीच दूसरे विशेष अतिथि इंजीनियर संजीव वत्स थे।उन्होंने स्वयंसेवियों को सूक्ष्म शब्दों पर गहन चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया जैसे कि नैतिकता,चरित्र निर्माण तथा व्यक्तिगत विकास आदि जो कि हम पढ़ाई के साथ-साथ सीखते हैं व अपनाते हैं उनका क्या औचित्य है और वास्तव में वह क्या हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना, डॉक्टर रत्न चंद शर्मा,विजय कुमार महाविद्यालय के अधीक्षक पवना कुमारी,लता शर्मा ,रंजना और स्वयंसेवी भी उपस्थित रहे।डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया।रसोई में समूह 5 ने अपना सहयोग दिया।रसोई में मटर पनीर,कड़ी, मीठा तथा चावल आदि व्यंजन बनाए गए। स्वयंसेवियों ने 2:00बजे दोपहर का भोजन ग्रहण किया। उसके बाद समूह 2 व समूह 4 के स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में पुस्तकालय के पीछे वाले क्षेत्र में मिलकर कार्य किया।रंग कमेटी ने भी महाविद्यालय की क्यारियों की ईंटों को रंग किया। दोपहर के भोजन के बाद स्वयंसेवी अपने गोद लिये गाँव अनुखुर्द भी गए।वहां पर स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा झाड़ियां काटकर सफाई की। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना,गाँव प्रधान वन्दना देवी,वार्ड नंबर1 की पंच अंजना कुमारी तथा डॉक्टर रत्न चंद शर्मा भी उपस्थित रहे।वापिस आकर उपकरण कमेटी ने सभी समूहों से उपकरण एकत्र किए।5:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने चायपान किया।उसके बाद शाम 6:00से 7:00बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।रात्रि भोजन में आलू ,मटर और चपाती बनाए गए थे। 8:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया तथा 9:00 बजे सभी स्वयंसेवी अपने -अपने शयन कक्षों में चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के पाँचवे दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
*Scanned by TapScanner*









Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner









Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner








Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner








Scanned by TapScanner

*Scanned by TapScanner*








Scanned by TapScanner

Scanned by TapScanner

# रिपोर्ट:छठा दिन

सात दिवसीय शिविर के छठे दिन 5 जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई।समूह 5 द्वारा दया कर दान भक्ति प्रार्थना गायी गई। राष्ट्रीय गीत तथा गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-"Never give up on what you really want to do .The person with big dreams is more powerful than one with all the facts."

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।भोजन में परांठे बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए।इस शिविर के मुख्यअतिथि वकील रेखा शर्मा अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति हमीरपुर, प्रोफेसर सुरेन्द्र ठाकुर,प्राचार्य डॉ चंदन भारद्वाज,नेहरू युवा केंद्र के जिलाधिकारी दीपमाला तथा पूर्व स्वयंसेवी ठाकुर दीक्षित धलारिया थे। वकील रेखा शर्मा ने स्वयंसेवियों को POCSOएक्ट तथा जुविनाइल जस्टिस बोर्ड के बारे में जानकारी दी।प्रोफेसर सुरेन्द्र ठाकुर और पूर्व स्वयंसेवी दीक्षित धलारिया ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला।प्राचार्य डॉ चंदन भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को बताया कि हमें अंकों से ज्यादा ज्ञान पर बल देना चाहिए और स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया गया।रसोई में चावल,राजमाह,खीर तथा खट्टा आदि व्यंजन बनाए गए।स्वयंसेवियों ने 2:00बजे दोपहर का भोजन ग्रहण किया।उसके बाद समूह1ने महाविद्यालय परिसर की क्यारियों में लगीं ईंटों तथा पत्थरों को रंग किया।समूह 2 व समूह 4 ने पुस्तकालय के पीछे वाले क्षेत्र में मिलकर कार्य किया तथा बी बाॅक क्षेत्र में पीपल के वृक्ष के पास जो बिखरे हुए पत्थर थे उनको इकट्ठा करके वृक्ष के पास टीले बनाए।समूह 3 व समूह 8 ने पीटीए ब्लॉक वाले क्षेत्र, समूह 5 ने कॉमर्स ब्लॉक, समूह 6 ने रसोई कार्यों में हाथ बंटाया।समूह 7 ने पार्किंग के आसपास वाले क्षेत्र की तथा कुछ स्वयंसेवियों ने साइंस ब्लॉक के बाएं तरफ वाले क्षेत्र को साफ़ किया।उसके बाद सभी समूहों ने अपने-अपने उपकरणों को उपकरण कमेटी के पास जमा करवा दिया।5:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने चायपान किया।उसके बाद शाम 6:00से 7:00बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ तथा डीजे का भी प्रबंध किया गया था।8:00 बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया तथा 9:00 बजे सभी स्वयंसेवी अपने -अपने शयन कक्षों में चले गए।इस प्रकार हमारे शिविर के छठे दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner










Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner








Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner







Scanned by TapScanner

Scanned by TapScanner









Scanned by TapScanner

Scanned by TapScanner

# रिपोर्ट:सातवां दिन

सात दिवसीय शिविर के सातवे दिन 6जनवरी 2023 को सुबह 8:30 बजे प्रार्थना सभा हुई।समूह 6 द्वारा प्रार्थना द्वारा तुम्हीं  हो माता पिता तुम्हीं हो प्रार्थना गायी गई।

राष्ट्रीय गीत तथा गायत्री मंत्र का भी उच्चारण किया गया।उसके बाद विचार प्रस्तुत किया गया-"Winners do not do different things, they do things differently."

उसके बाद योगा अभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया।सुबह 9:00बजे सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया।नाश्ते में ब्रेड पकौड़ा तथा चाय बनाए गए थे।स्वयंसेवियों की हाजिरी ली गई।उसके बाद 10:30 बजे मुख्यअतिथि सभागार में पहुंच गए।इस शिविर के सुबह के सत्र के विशेष अतिथि डॉ अनिल कुमार तथा प्रोफेसर प्रकाश ठाकुर थे। डॉक्टर अनिल ठाकुर ने बताया कि हमें अहंकार नहीं करना चाहिए और मानव मूल्यों पर प्रकाश डाला।प्रोफेसर प्रकाश ठाकुर ने नशे से दूर रहने और योग को अपनाने पर बल दिया।आज के समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज थे।उन्होंने स्वयंसेवियों को  बताया कि हम अपने लक्ष्य को केंद्र बिन्दु के रूप में निर्धारित करें तथा उसको पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इसके बाद सभी स्वयंसेवियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।स्वयंसेवियों ने फीडबैक भी दी। इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेंद्र ठाकुर ,एडवोकेट रेखा शर्मा ,ताराचंद विजय महाजन ,डाक्टर दिनेश, अधीक्षक चंद्र सुमन, शिव कुमार आदि भी उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर उत्तम कुमार शर्मा तथा डॉक्टर दीपिका खन्ना ने आए अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने स्वयंसेवियों के माता -पिता तथा मीडिया का भी धन्यवाद किया ।सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत तथा राष्ट्रीय  गान प्रस्तुत किया गया।रसोई में चावल,मटरपनीर, गाजर का हलवा,कड़ीतथा खट्टा आदि व्यंजन बनाए गए।स्वयंसेवियों ने 2:00बजे दोपहर का भोजन ग्रहण किया।उसके बाद स्वयंसेवी अपने अपने घर चले गए। इस प्रकार हमारे शिविर के अंतिम दिन का समापन हुआ।

Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner



















Scanned by TapScanner

*Scanned by TapScanner*














Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner













Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner
















Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner













Scanned by TapScanner

Scanned by TapScanner














Scanned by TapScanner
Scanned by TapScanner



एनएसएस शिविर में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए -संवाद

# स्वयंसेवियों को संतुलित आहार लेने को किया प्रेरित

**हमीरपुर कॉलेज में लगाया एनएसएस शिविर**

संवाद न्यूज एजेंसी

**हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के चौथे दिन की शुरुआत मंगलवार को प्रार्थना सभा से हुई।

शिविर में पुलिस अधिकारी सुदर्शन पटियाल, एनआईटी हमीरपुर से चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनी वर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। सुदर्शन पटियाल ने स्वयंसेवियों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. मनी वर्मा ने स्वयंसेवियों को पोषक तत्वों के स्रोतों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पोषक तत्वों से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है, इसलिए भोजन में पोषक तत्व अवश्य शामिल करें। उन्होंने स्वयंसेवी छात्राओं को मासिक धर्म समस्या के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा और डॉ. दीपिका खन्ना विशेष रूप से मौजूद रहे।

**शिविर** | हमीरपुर कालेज में प्रार्थना सभा से हुई सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरूआत

# स्वयंसेवियों को बताए यातायात के नियम





कार्यालय संवाददाता-हमीरपुर

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। शिविर में मंगलवार को विशेष अतिथि के रूप में एसएचओ सुदर्शन पटियाल और एनआईटी हमीरपुर से डा. मनी वर्मा ने शिरकत की। सुदर्शन पटियाल ने स्वयंसेवियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। डा. मनी वर्मा ने स्वयंसेवियों को अपने वक्तव्य में पोषक तत्त्वों के स्रोतों और उनके महत्त्व का विस्तृत विवरण दिया तथा स्वयंसेवियों को इन्हें अपने भोजन में सम्मिलित करने को कहा, ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने विशेष अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर एनएसएस गीत भी स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने अपने आबंटित क्षेत्र में श्रमदान किया।

# योग अपनाने के लिए प्रेरित किए स्वयंसेवी

**हमीरपुर कॉलेज में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किए विद्यार्थी**

संवाद न्यूज एजेंसी



एनएसएस शिविर के दौरान सफाई करते स्वयंसेवी। - संवाद

**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वयंसेवियों ने अणु खुर्द गांव में सफाई की। स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से की।

शिविर में अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू से आई ब्रह्मकुमारी सुनीता और संतोष ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को योग अपनाने और नशे से दूर रहने पर बल दिया। उन्होंने स्वयं से प्यार करने तथा माता पिता का सम्मान करने को कहा। वहीं, इंजीनियर संजीव ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने स्वयंसेवियों को सूक्ष्म शब्दों पर गहरा चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जैसे नैतिकता, चरित्र निर्माण तथा व्यक्तिगत विकास जो कि पढ़ाई के साथ-साथ सीखते व अपनाते हैं, उसे सीखने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदन भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा और डॉ. दीपिका खन्ना, डॉ. रत्न चंद शर्मा, प्रो. प्रकाश ठाकुर, डॉ. अमरजीत अत्री, महाविद्यालय के अधीक्षक, लता शर्मा, रंजना और स्वयंसेवी भी उपस्थित रहे। दोपहर के भोजन के बाद सभी स्वयंसेवी गोद लिए गांव अणु खुर्द गए।

वहां स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा झाड़ियां काटकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा, डॉ. दीपिका खन्ना, गांव के प्रधान वंदना देवी, वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य अंजना कुमारी तथा डॉ. रत्न चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवियों को सही कॅरिअर चुनने के लिए किया प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

**हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों को मन एकाग्र करने के लिए प्रेरित किया। शिविर की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई।

स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में सफाई की। शिविर में विशेष अतिथि प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से दीदी रेखा, किरण, बनीता और भाई जगदीश, रजनीश, विजय महाजन रहे। उन्होंने कहा कि हम ज्ञान और योग के माध्यम से अपने मन को एकाग्र कर सकते हैं, जो पढ़ाई में बहुत सहायक होगा और हम तनाव की स्थिति से भी उभर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग से धैर्य और सहनशीलता की भावना भी जागृत होती है। शाम के समय शिविर में डॉ. रत्न चंद शर्मा उपस्थित हुए।

उन्होंने स्वयंसेवियों को सही कॅरिअर चुनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा, डॉ. दीपिका खन्ना विशेष रूप से मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में एनएसएस शिविर के दौरान सफाई करते स्वयंसेवी। -संवाद

# एनएसएस इकाई का शिविर शुरू

हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह शिविर छह जनवरी तक चलेगा। इसमें 110 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवियों को इस शिविर में सामाजिक कार्य को करने की प्रेरणा के साथ अनुशासन का पालन करने और समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने आठ समितियों में स्वयंसेवियों को आबंटित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवी गोद लिए गांव अनुकलां में भी लोगों को स्वच्छता और संक्रामक रोगों की जानकारी और सामाजिक सदभावना का लोगों में प्रचार व प्रसार करेंगें।

Scanned by TapScanner

## एनएसएस इकाई का शिविर शुरू

हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह शिविर छह जनवरी तक चलेगा। इसमें 110 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवियों को इस शिविर में सामाजिक कार्य को करने की प्रेरणा के साथ अनुशासन का पालन करने और समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने आठ समितियों में स्वयंसेवियों को आबंटित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवी गोद लिए गांव अनुकलां में भी लोगों को स्वच्छता और संक्रामक रोगों की जानकारी और सामाजिक सद्भावना का लोगों में प्रचार व प्रसार करेंगें।

एक नजर

## स्वयंसेवियों को दिए मन एकाग्र करने के टिप्स



हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। शिविर में विशेष अतिथि के रूप में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से आए हुई रेखा, किरण, बबीता और जगदीश, रजनीश, विजय महाजन मौजूद रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि हम ज्ञान और योग के माध्यम से अपने मन को एकाग्र कर सकते हैं, जोकि पढ़ाई में बहुत सहायक होगा तथा इससे हम तनाव की स्थिति से भी उभर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योग से धैर्य और सहनशीलता की भावना भी जागृत होती है। जबकि दूसरे विशेष अतिथि डा. रत्न चंद शर्मा रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को कैरियर काउंसलिंग की तथा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसको प्राप्त करने के लिए मेहनती और अनुशासनशील बनने की प्रेरणा स्वयंसेवियों को दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने विशेष अतिथियों का आभार जताया। एनएसएस गीत भी स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने आबंटित क्षेत्र में श्रमदान भी किया।

री, पुष्पा ठाकुर, नीलम राणा, प्रीतम नेगी, सोनिका, मोनिका, मीना देवी, रोशनी देवी इत्यादि उपस्थित

जागरूक | हमीरपुर महाविद्यालय में स्वयंसेवियों को दिए नशे से दूर रहने के टिप्स

## रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता-हमीरपुर

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन विशेष अतिथि के रूप में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से आए हुए सुनीता, संतोष तथा अन्य मौजूद रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को योग अपनाने और नशे से दूर रहने पर बल दिया। स्वयंसेवियों ने दोपहर बाद गोद लिए हुए गांव अणु खुर्द में रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और रास्तों की साफ सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी



डा. चंदन भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम कुमार शर्मा व डा. दीपिका खन्ना, डा. रत्न चंद शर्मा, प्रो. प्रकाश ठाकुर, डा. अमरजीत अत्री, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम और डा. दीपिका, लता शर्मा, रंजना और स्वयंसेवी मौजूद रहे। इसके अलावा गांव की प्रधान वंदना देवी, वार्ड नंबर एक के पंच अंजना कुमारी और रतन चंद भी उपस्थित रहे।

Scanned by TapScanner

# अणु कालेज के स्वयंसेवियों को बताए यातायात नियम



*हमीरपुर : एन.एस.एस. शिविर के मुख्यातिथियों को सम्मानित करते एन.एस.एस. के प्रभारी।* (राजीव)

हमीरपुर, 3 जनवरी (राजीव): राजकीय महाविद्यालय अणु में एन.एस.एस. इकाई के 7 दिवसीय शिविर का मंगलवार को चौथे दिन की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई। शिविर में विशेष अतिथि एस.एच.ओ. सुदर्शन पटियाल और एन.आई.टी. हमीरपुर से डा. मनी वर्मा रहे। सुदर्शन पटियाल ने यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। डा. मनी वर्मा ने बच्चों के साथ अपने वक्तव्य में पोषक तत्वों के स्रोतों और उनके महत्व का विस्तृत विवरण दिया तथा स्वयंसेवियों को इन्हें अपने भोजन में सम्मिलित करने को कहा। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी।

उन्होंने छात्राओं के साथ भी एक विशेष इंट्रैक्शन की जिसमें छात्राओं ने उनसे पी.सी.ओ.डी. संबंधी जानकारी प्राप्त की। एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने विशेष अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर एन.एस.एस. गीत भी स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।



*हमीरपुर : एन.एस.एस. शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज स्वयंसेवियों को सम्मानित करने के उपरांत सामूहिक चित्र में।*

# कांगू स्कूल के अनूप ने बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

नादौन, 6 जनवरी (जैन): डी.आर. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कांगू के विद्यार्थी अनूप ठाकुर पुत्र राजकुमार ने डी.ए.वी. राष्ट्रीय खेल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 52 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक का खिताब जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ये राष्ट्रीय खेल बॉक्सिंग प्रतियोगिता 23 से 25 दिसम्बर को डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल रांची में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में अंडर-19 में अनूप ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय, जिले एवं अपने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षक राजीव दत्ता, संतोष कौशल एवं प्रधानाचार्य का समय-समय पर मार्गदर्शन को बताया है। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने रजत पदक जीतने वाले विद्यार्थी को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय के छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। वे भी आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहेंगे। अंत में प्रधानाचार्य ने विजेता छात्र एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।



*नादौन : डी.आर.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कांगू के अनूप ठाकुर को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा।* (जैन)

# नशे से दूर रहें और हर रोज करें योग

## हमीरपुर कालेज में एन.एस.एस. शिविर संपन्न

हमीरपुर, 6 जनवरी (राजीव): राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर के अंतिम दिन शुक्रवार की शुरूआत प्रार्थना सभा और एन.एस.एस. गीत से हुई। सुबह के सत्र के विशेष अतिथि डा. अनिल ठाकुर तथा प्रो. प्रकाश ठाकुर रहे।

डा. अनिल ठाकुर ने बताया कि हमें अहंकार नहीं करना चाहिए और उन्होंने मानव मूल्यों पर प्रकाश डाला। प्रो. प्रकाश ठाकुर ने एन.एस.एस. स्वयंसेवियों से नशे से दूर रहने और हर रोज योग करने का आह्वान किया। समापन समारोह के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंदन भारद्वाज रहे। चंदन भारद्वाज ने बताया कि लक्ष्य को केंद्र बिंदु के रूप में निर्धारित करें और उसको पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इसके बाद सभी स्वयंसेवियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. उत्तम कुमार शर्मा और डा. दीपिका खन्ना ने विशेष अतिथियों का व स्वयंसेवियों के माता-पिता का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर प्रो. सुरेश ठाकुर, एडवोकेट रेखा शर्मा, ताराचंद, विजय महाजन, डा. सतीश सोनी, प्रो. अल्पना शर्मा, मोनिका पुरी, माला शर्मा, डा. दिनेश, अधीक्षक चंद्र सुमन, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।



# योग अपनाने के लिए प्रेरित किए स्वयंसेवी

## हमीरपुर कॉलेज में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किए विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन बुधवार को स्वयंसेवियों ने अणु खुर्द गांव में सफाई की। स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से की।

शिविर में अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू से आई ब्रह्मकुमारी सुनीता और संतोष ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को योग अपनाने और नशे से दूर रहने पर बल दिया। उन्होंने स्वयं से प्यार करने तथा माता पिता का सम्मान करने को कहा। वहीं, इंजीनियर संजीव ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने स्वयंसेवियों को सूक्ष्म शब्दों में गहरा चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जैसे नैतिकता, चरित्र निर्माण तथा व्यक्तिगत विकास जो कि पढ़ाई के साथ-साथ सीखते व अपनाते हैं, उसे सीखने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदन भारद्वाज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा और डॉ. दीपिका खन्ना, डॉ. रत्न चंद शर्मा, प्रो. प्रकाश ठाकुर, डॉ. अमरजीत अत्री, महाविद्यालय के अधीक्षक, लता शर्मा, रंजना और स्वयंसेवी भी उपस्थित रहे। दोपहर के भोजन के बाद सभी स्वयंसेवी गोद लिए गांव अणु खुर्द गए।

वहां स्वयंसेवियों ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा झाड़ियां काटकर साफ-सफाई की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम कुमार शर्मा, डॉ. दीपिका खन्ना, गांव के प्रधान वंदना देवी, वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य अंजना कुमारी तथा डॉ. रत्न चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।



एनएसएस शिविर के दौरान सफाई करते स्वयंसेवी। - संवाद

# एनएसएस का बताया इतिहास

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक महाविद्यालय हमीरपुर में एनएसएस के इतिहास, कर्तव्य और लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई। बड़सर कॉलेज से प्रो. सतीश सोनी मुख्यातिथि और हमीरपुर कॉलेज से प्रो. अल्पना शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। संवाद



*हमीरपुर : डिग्री कॉलेज हमीरपुर में ब्रह्मकुमारी दीदी रेखा व अन्य एन.एस.एस. कैंप का शुभारंभ करने के उपरांत सामूहिक चित्र में।* (राजीव)

# योग करें, सहनशील बनें

हमीरपुर, 1 जनवरी (राजीव): राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन रविवार को ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की दीदी रेखा किरण, अनीता और भाई जगदीश, रजनीश व ओम विजय महाजन उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवी को बताया कि ज्ञान व योग के माध्यम से हम अपने मन को एकाग्र कर सकते हैं जोकि पढ़ाई में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि योग से धैर्य व सहनशीलता की भावना जागृत होती है।

Scanned by TapScanner